SAGE | bhasha

The Indian Language Publishing Program



भारत के सफल राजनीतिक नेता चरण सिंह के जीवन और समय पर अधिकृत और निष्पक्ष प्रयास!

पॉल ब्रास द्वारा लिखित *'एक भारतीय राजनीतिक जीवनः चरण सिंह और कांग्रेस राजनीति, 1937 से 1961 तक'* के हिन्दी संस्करण के विमोचन की घोषणा करते हुए सेज पब्लिकेशन्स प्रसन्नता का अनुभव कर रहा है। भारत के उपराष्ट्रपति **श्री हमीद अन्सारी** इस पुस्तक का विमोचन **श्री अजीत सिंह** (चरणसिंह के सुपुत्र) और अन्य माननीय अतिथियों के उपस्थिति में, **श्री शरद यादव** के निवासस्थान पर, 23 दिसंबर 2016 को करेंगे।

चरण सिंह की जीवनी से अधिक इस पुस्तक में स्वतंत्रता के पहले और तुरंत बाद के समय के उल्लेखनीय मुद्दों, आंदोलनों और राजनीतिक संघर्षों के विस्तृत विश्लेषण को शामिल किया गया है। राजनीति में चरण सिंह की भूमिका को केंद्र में रखकर यह सफलतापूर्वक उस समय के प्रमुख मुद्दों, विवादों और घटनाक्रमों पर व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करती है।

इसमें राजनेताओं, प्रसिद्ध शख्सियतों और अन्य भारतीयों के विस्तृत साक्षात्कारों की श्रृंखला को शामिल किया गया है। यह चरण सिंह के समय के प्रमुख मुद्दों और घटनाओं का विवरण प्रदान करती है। इनमें हिंदू–मुस्लिम संबंध, तेज गति से औद्योगिकीकरण के नेहरूवादी उद्देश्य और कृषि को प्राथमिकता देने के पक्षधरों की आंकाक्षाओं के बीच संघर्ष, कानून और व्यवस्था से जुड़े मुद्दे, राजनीति में भ्रष्टाचार और अपराध की वृद्धि, आधुनिक होते समाज में जाति व हैसियत का स्थान और उस जमाने के व्यापक गुटीय राजनीति के लक्षण शामिल हैं।

सेज प्रकाशन के एमडी और सीईओ श्री विवेक मेहरा के अनुसार, "मैं स्वतंत्र भारत के सबसे रहस्यमयी नेताओं में से एक श्री चरण सिंह पर किताब का प्रकाशन करना गौरव की बात मानता हूं। अत्यधिक सम्मानीय प्रोफेसर पॉल ब्रास ने श्री चरण सिंह के जीवन को तीन खंडों में संग्रहित कर उनकी स्मृति और भारत के लोगों का सम्मान किया है। पहले खंड का हिन्दी अनुवाद गैर–अंग्रेजी पाठकों तक इसे पहुंचाने का हमारा प्रयास है। भारतीय भाषाओं के हमारे प्रकाशन 'सेज भाषा' का उद्देश्य भाषा की सीमाओं से परे जाना और अध्ययन संबंधित प्रकाशनों को समाज के हर स्तर तक पहुंचाना है। हमारी विद्वत्तापूर्ण सूची में इस बहुमूल्य पुस्तक के जुड़ने से गुणवत्तापूर्ण शोध एवं ज्ञान को प्रसारित करने का हमारा लक्ष्य मजबूत हुआ है।"

यह किताब 2017 में प्रकाशित होने वाली ***'उत्तर भारत की राजनीतिः 1937 से 1987 तक'*** पर तीन–खंडों की श्रृंखला का पहला खंड है।

For more information contact:
Smrithi Sudhakaran, *Marketing Manager – Academics and Public Relations*
E: **smrithi.sudhakaran@sagepub.in**; M: **95822 14480**

www.sagepub.in